# सतलुज समाचार
# Satluj Samachar

ISSUE: JUNE-JULY 2025

**GENERATION STATUS**
(in Million Units) of FY 2025-26 upto **31st July 2025**

| Project | Gross Achieved |
|---|---|
| 1500 MW NJHPS | 3587.912 |
| 412 MW RHPS | 1002.726 |
| 60 MW NMHPS | 1.575 |
| 47.6 MW KWPS | 29.098 |
| 50 MW SWPS | 38.765 |
| 5.6 MW CSPS | 2.828 |
| 1 MW WSPS | 0.453 |
| 75 MW PSPS | 51.929 |
| 75 MW GSPS | 53.763 |
| 50 MW GJSPS | 35.028 |
| 100 MW RSPS | 82.345 |
| 90 MW OFSPS | 59.456 |
| 320 MW BSPS-Phase-1 | 224.439 |

## VISIT OF PARLIAMENTARY STANDING COMMITTEE TO LEH

SJVN participated in the study visit of Parliamentary Standing Committee on Energy held at Leh on 28th June 2025. Sh. Bhupender Gupta, CMD, SJVN welcomed the Hon'ble Chairperson, Sh. Shrirang Appa Barne and all Hon'ble Members of Parliamentary Standing Committee on Energy during the visit.







## PARLIAMENTARY COMMITTEE VISIT TO SHIMLA

The Parliamentary Committee on the Welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes conducted a two-day study visit to Shimla on 9-10th June 2025. During the visit, Sh. Ajay Kumar Sharma, Director (Personnel), SJVN, welcomed the Hon'ble Chairperson, Dr. Faggan Singh Kulaste and other dignitaries. Sh. C.S. Yadav, Executive Director (HR), also greeted the committee members.









## JOINT PARLIAMENTARY COMMITTEE VISIT TO SHIMLA

The Joint Parliamentary Committee on The Constitution (One Hundred and Twenty-Ninth Amendment) Bill, 2024 and The Union Territories Laws (Amendment) Bill, 2024 (One Nation One Election) conducted two-day (18-19th June, 2025) study visit to Shimla. On this occasion, Director (Personnel), SJVN Sh. Ajay Kumar Sharma felicitated the Hon'ble Chairperson, Sh. P.P. Chaudhary and other distinguished members of the Committee. ED(HR), Sh. Chandra Shekhar Yadav welcomed Hon'ble Chief Minister of Himachal Pradesh and others.











## PARLIAMENTARY COMMITTEE VISIT TO DHARAMSHALA

The Parliamentary Standing Committee on Labour, Textiles and Skill Development conducted a two-day study visit to Dharamshala from 10 - 11th June 2025. During the visit, Sh. Ajay Kumar Sharma, Director (Personnel), SJVN extended a warm welcome to the Hon'ble Chairperson, Sh. Naresh Bansal, Member of Parliament (Rajya Sabha), along with other distinguished members of the Committee.










## SJVN IN COLLABORATION WITH DPE HOSTED ORIENTATION PROGRAMME OF CPSE LEADERSHIP

SJVN in collaboration with Department of Public Enterprises (DPE) hosted a two- day Orientation Programme on 'Capacity Building of CMDs and Functional Directors of Central Public Sector Enterprises (CPSEs)' at Dharamshala. The inaugural ceremony was presided over by Justice Raghvendra Singh Chauhan, Former Chief Justice of Uttarakhand and Telangana High



Courts along with Sh. Ajay Kumar Sharma, Director (Personnel), SJVN, Sh. Anil Khandelwal, Former Chairman & Managing Director, Bank of Baroda, and






Sh. Kranti Kumar, Assistant Director, DPE. Twenty-two CMDs and Functional Directors from various CPSEs participated in this Orientation Programme. Sh. Ajay Kumar Sharma, welcomed all the delegates to the two days Orientation Programme. During his address, he highlighted the crucial role of leadership in driving performance and transformation in Public Sector Enterprises. He emphasized the importance of continuous learning and strategic thinking in today's dynamic economic and governance landscape. Sh. Sharma also underlined SJVN's commitment to capacity building and its active role in fostering collaboration among CPSEs for nation-building. The Orientation Programme featured seven interactive sessions over two days, covering a wide range of topics relevant to the leadership and operational excellence of CPSEs.

## CMD MET WITH ACS, GUJARAT

Sh. Bhupender Gupta, CMD, SJVN, met with Sh. S.J. Haider, Additional Chief Secretary (ACS), Energy & Petrochemicals Department, Govt. of Gujarat. During the meeting, CMD briefed the ACS on the progress of SJVN's Renewable Energy projects currently under operation and construction in Gujarat. Sh. Haider expressed satisfaction with the pace and quality of SJVN's initiatives and assured full support from the Government of Gujarat for timely completion of ongoing projects.



## EXPOSURE VISIT OF 14 MEMBERS OF PARLIAMENT OF NEPAL TO INDIA

A meeting was held between delegation of 14 members of Parliament from Nepal & SJVN on 30th July 2025. On this occasion, Sh. Bhupender Gupta, CMD, SJVN stated that the visiting MPs have assured their support in raising the issues related to hydro project execution in the Parliament of Nepal, with the aim of exploring viable solutions. Sh. Ajay Kumar Sharma, Director Personnel, SJVN welcomed and had a meeting with the visiting MPs on behalf of SJVN. During the meeting, a detailed presentation was made on SJVN's operations in Nepal, including project progress, key challenges and the way forward to strengthen India-Nepal energy cooperation.





## SJVN SIGNED PSA AND PPA WITH UPPCL AND NDMC







SJVN has signed a Power Sale Agreement (PSA) with Uttar Pradesh Power Corporation Limited (UPPCL) for supply of power from its 900 MW Arun-III Hydro Electric Project. Concurrently, a Power Purchase Agreement (PPA) was also signed with UPPCL for supply of power from its upcoming 210 MW Luhri Stage-I and 382 MW Sunni Dam Hydro Electric Projects. The agreements were signed in august presence of Sh. Bhupender Gupta Chairman & Managing Director and Sh. Sushil Sharma Director (Projects) at SJVN Liaison Office, New Delhi. On this occasion, Sh. Bhupender Gupta, CMD, said that these agreements mark significant step towards realizing SJVN's commitment to clean energy transition and strengthening power infrastructure for urban consumers. The PSA was signed by Sh. R.K. Gupta, Chief General Manager (Power Trading), SJVN and Sh. Deepak Raizada Director (Corporate Planning), UPPCL and the PPA was signed by Sh. Ashok Kumar, General Manager (C&SO), SJVN and Sh. Deepak Raizada, Director (Corporate Planning), UPPCL. In addition to this, SJVN also signed a Power Purchase Agreement (PPA) with New Delhi Municipal Council (NDMC) for supply of power from its 382 MW Sunni Dam Hydro Electric Project at NDMC Headquarters, New Delhi. The PPA was signed by Sh. Ashok Kumar, General Manager (C&SO), SJVN and Sh. Brajesh Kumar Yadav, Superintending Engineer (Electrical), NDMC.

## एसजेवीएन विद्युत मंत्रालय के विशेष पुरस्कार 'राजभाषा प्रभा' से सम्मानित

एसजेवीएन को वर्ष 2023–24 के दौरान राजभाषा नीति के श्रेष्ठ कार्यान्वयन हेतु विद्युत मंत्रालय के विशेष पुरस्कार 'राजभाषा प्रभा' से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार माननीय विद्युत एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल के कर कमलों से श्री भूपेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन ने विद्युत मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति की नई दिल्ली में आयोजित एक बैठक के दौरान प्राप्त किया। इस अवसर पर माननीय विद्युत राज्य मंत्री श्री श्रीपद येसो नाइक, सचिव विद्युत मंत्रालय श्री पंकज अग्रवाल और विद्युत मंत्रालय के नियंत्रणाधीन उपक्रमों, संस्थानों, निगमों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। श्री भूपेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने बताया कि एसजेवीएन को यह पुरस्कार निगम की विभिन्न परियोजनाओं तथा कार्यालयों में राजभाषा








नीति के श्रेष्ठ कार्य–निष्पादन के लिए प्रदान किया गया है। इस अवसर पर गणमान्यों द्वारा एसजेवीएन, राजभाषा अनुभाग की गृह पत्रिका का भी विमोचन किया गया। इस पुरस्कार की स्थापना विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विद्युत मंत्रालय के नियंत्रणाधीन उपक्रमों, संस्थानों, निगमों द्वारा हिन्दी के प्रयोग एवं प्रसार की दिशा में किए गए सद्प्रयासों को पुरस्कृत करने के लिए की गई है। इसके अंतर्गत, विद्युत मंत्रालय द्वारा, प्राप्त प्रविष्टियों का मूल्यांकन राजभाषा नीति के कार्यान्वयन संबंधी सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर किया जाता है। हिंदी के उत्तरोत्तर प्रयोग को गतिशील करते हुए विद्युत उत्पादन के साथ–साथ राजभाषा के प्रकाश को भी देश के कोने–कोने तक पहुंचाया जाता है।

## मुख्यमंत्री श्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा एसजेवीएन को सम्मान

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा शिमला में एसजेवीएन को सम्मानित किया गया। यह सम्मान एसजेवीएन के कार्यपालक निदेशक श्री चंद्रशेखर यादव ने ग्रहण किया। यह सम्मान हिमाचल प्रदेश पुलिस द्वारा राज्य में युवाओं एवं बच्चों में नशे के विरुद्ध जनजागृति उत्पन्न करने के लिए आयोजित की गई 'हॉफ मैराथन' के आयोजन में निगम के सहयोग के लिए प्रदान किया गया।



## SAUHARD 5.0 AT CHQ SHIMLA

SJVN organized 'Sauhard 5.0' under My Social Responsibility at CHQ, Shimla. The event was inaugurated by Sh. Ajay Kumar Sharma, Director (Personnel). SJVN organized the fifth edition of 'Sauhard', an exhibition-cum-outreach program, under its My Social Responsibility (MSR) initiative, at Corporate Headquarters in Shimla. On this occasion, Sh. Chandra Shekhar Yadav, Executive Director (HR), other senior officials and employees were also present. Through the unique initiative My Social Responsibility (MSR), which has been aligned with Swachhata Pakhwada this year, SJVN aims to instill a culture of compassion and social sensitivity among its employees, while positively impacting lives within the immediate ecosystem. SJVN employees voluntarily donated mementoes, surplus household items and other useful articles, which were exhibited at the Multi-Purpose Hall and subsequently distributed to low-income outsourced workers deployed by various contractors at the Corporate Headquarters. Sh. Ajay Kumar Sharma distributed 100 mementoes to the beneficiaries, appreciating the enthusiastic participation of SJVN employees in nurturing this meaningful tradition. He said that Sauhard is not just a distribution drive; it is a symbol of shared responsibility and empathy for inclusive growth. Since its inception in 2019, four editions of Sauhard have been successfully organized at SJVN's Corporate Headquarters in Shimla and mementoes and useful items have been shared with underprivileged sections of society to support vulnerable communities in the surrounding areas.









# WORLD ENVIRONMENT DAY 2025

SJVN celebrated World Environment Day 2025 at Corporate Headquarters in Shimla and all its Projects. As part of the observance, Sh. Ajay Kumar Sharma, Director (Personnel), administered Environmental Conservation Pledge to all employees, reaffirming the company's commitment to sustainable and eco-friendly practices. Sh. Ajay Kumar Sharma in his address said that SJVN has been persistently making efforts towards nurturing nature and safeguarding the environment. At the individual as well as at the collective level, we must continue to contribute towards protecting and promoting our environment as it is pivotal for a sustainable future. Various Competitions were organized for the employees at Corporate Headquarters to commemorate World Environment Day-2025 including Quiz Competition, Origami Contest and Best-out-of-Plastic Waste Competition. Sh. Ajay Kumar Sharma, Director (Personnel), awarded the winners of these competitions. Sh. Chandra Shekhar Yadav, Executive Director (HR) and other senior officials were present on the occasion. As a token of environmental stewardship, saplings were distributed to dignitaries, promoting the message of green living. The theme for World Environment Day 2025 is 'Ending Plastic Pollution', along with the global slogan 'Together we can #Beat Plastic Pollution.' Furthering its commitment to environmental protection, SJVN conducted an e-waste collection drive, successfully collecting around 30 kilograms of electronic waste for safe and responsible disposal.




# WORLD BLOOD DONOR DAY 2025

SJVN observed World Blood Donor Day at its Corporate Headquarters in Shimla and across all its units and projects. The event themed 'Give Blood, Give Hope: Together We Save Lives' aimed to honour voluntary blood donation and raise awareness about its vital role in saving lives. The event was graced by Smt. Shally Sharma, spouse of Director (Personnel) SJVN. On this occasion, Sh. Chandra Shekhar Yadav, Executive Director (HR), all Heads of Departments and employees were also present. Sh. Chandra Shekhar Yadav, ED (HR) administered a pledge to all employees, encouraging them to contribute voluntary to saving lives through regular blood donation. Smt. Shally Sharma and Sh. Chandra Shekhar Yadav felicitated regular blood donors, including SJVN employees, contractual staff and family members of employees, for their dedication and service to mankind.


## PLANTATION DRIVE AT SHIMLA




SJVN organized a Plantation Drive at Shimla on 5th June 2025. Plantation Drive was inaugurated by Director (Personnel) Sh. Ajay Kumar Sharma by planting a Rhododendron tree sapling. SJVN organised the Plantation Drive in association with Himachal Pradesh State Forest Department and around 100 oak tree saplings were planted by the employees.

## 11TH INTERNATIONAL DAY OF YOGA AT CHQ, SHIMLA

SJVN celebrated 11th International Day of Yoga with great enthusiasm at its Corporate Head Quarters, Shimla and across all its Offices & Projects. This year's theme 'Yoga for One Earth One Health' aligns the practice of yoga with sustainability and global well-being. The chief guest for the occasion, Sh. Ajay Kumar Sharma, Director (Personnel), inaugurated and participated in the yoga session at Corporate Headquarters. Sh. Chandra Shekhar Yadav, Executive Director (HR), Heads of Departments along with other senior officials and employees of SJVN actively took part in the event. To commemorate the day, special yoga session was organized in collaboration with Isha Foundation. Yoga experts guided participants through various asanas and breathing techniques aimed at promoting physical, mental and spiritual harmony. On the occasion, Sh. Ajay Kumar Sharma said "Yoga is an invaluable gift of India's ancient tradition and it is a path to discover the sense of oneness with yourself, world and the nature." SJVN remains committed to promoting wellness and sustainable lifestyles among its workforce and beyond through such events.





## निदेशक (कार्मिक) ने किया प्राचीन कोठी के जीर्णोद्वार का शिलान्यास

एसजेवीएन द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व नीति के तहत गांव गसो, पंचायत झाकड़ी, तहसील रामपुर, जिला शिमला में स्थित श्री देवता महारूद्र काजल जी की प्राचीन कोठी के जीर्णोद्धार के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की। 21 जुलाई, 2025 को प्राचीन कोठी का वर्चुअल शिलान्यास निदेशक (कार्मिक), एसजेवीएन एवं अध्यक्ष, एसजेवीएन फाउंडेशन, श्री अजय कुमार शर्मा द्वारा किया गया। एसजेवीएन द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व नीति (सीएसआर) के अंतर्गत अपने विविध कार्यक्रमों के माध्यम से परियोजना के आस–पास के स्थानीय लोगों के जीवन स्तर में वृद्धि करने, स्वास्थ्य अनुरक्षण के लिए व स्थानीय संस्कृति को जीवित रखने के लिए वचनबद्ध है। प्राचीन कोठी के जीर्णोद्धार के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर परियोजना प्रमुख, एनजेएचपीएस, श्री आशुतोष बहुगुणा ने एसजेवीएन की ओर से शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया। परियोजना प्रमुख ने मंदिर निर्माण में स्थानीय जनता, पंचायत जनप्रतिनिधियों का जनहित के निरंतर प्रयास की सराहना की और मंदिर कमेटी का आमंत्रण हेतु आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नाथपा झाकड़ी परियोजना द्वारा परियोजना प्रभावित पंचायतों में जनहित के लिए कई वर्षों से अनेक कार्यक्रम किये जा रहे हैं। इस आयोजन में प्रधान ग्राम पंचायत झाकड़ी, श्रीमती सुषमा देवी, प्रधान ग्राम पंचायत सनारसा, श्री मस्त राम, मंदिर कमेटी के प्रधान, श्री हीरा सिंह, महासचिव, श्री हरी ओम जी तथा समस्त ग्रामवासियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाई।





## नराकास, शिमला (कार्यालय–2) की छमाही बैठक का आयोजन

भारत सरकार के दिशा–निर्देशानुसार केन्द्रीय सरकारी कार्यालयों, उपक्रमों एवं बैंकों में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को बढ़ाने के उद्देश्य से एसजेवीएन की अध्यक्षता में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, शिमला (कार्यालय–2) की छमाही बैठक का आयोजन एसजेवीएन कारपोरेट मुख्यालय, शिमला में किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता एसजेवीएन के कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन), श्री चन्द्र शेखर यादव ने की। इस अवसर पर निगम के महाप्रबंधक (राजभाषा), श्री आशीष पंत सहित नराकास–2, शिमला के केन्द्रीय सरकारी कार्यालयों, उपक्रमों एवं बैंकों के प्रमुख उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए कार्यकारी निदेशक(मानव संसाधन), श्री चन्द्र शेखर यादव ने राजकीय कार्यों में राजभाषा के अधिकाधिक प्रयोग पर बल दिया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सभी सदस्य कार्यालय अपने–अपने कार्यालय में सराहनीय कार्य कर रहे हैं और आगे भी इसी गति को बनाए रखते हुए








अधिकतम कामकाज हिंदी में संपन्न करने का हरसंभव प्रयास करेंगे। बैठक में उपस्थित महाप्रबंधक (राजभाषा) तथा सदस्य–सचिव, श्री आशीष पंत ने नराकास सदस्य कार्यालयों द्वारा किए गए कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा गत बैठक की अनुवर्ती कार्यवाही, कार्यक्रमों की संक्षिप्त जानकारी दी। बैठक में केंद्रीय सरकारी कार्यालयों में हिंदी के प्रयोग की समीक्षा की गई तथा भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में विचार–विमर्श किया गया, साथ ही समिति द्वारा विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं तथा कार्यशालाओं का आयोजन किए जाने पर भी सहमति बनी। इस बैठक में विभिन्न केन्द्रीय सरकारी कार्यालयों, उपक्रमों एवं बैंकों के 52 अधिकारियों ने भाग लिया।

## SJVN SIGNED MOU WITH BSNL

SJVN has Signed and MoU with BSNL for providing various communication services to SJVN for PAN India basis on 7th July, 2025. The MoU was signed by Sh. Rajesh Patre CGM, SJVN and Sh Ram Gopal Meena GM, BSNL. On this occasion Sh. Anil Kumar Gupta CGM, BSNL and Senior Officers from SJVN and BSNL were also present.



## 1500 मेगावाट नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पावर स्टेशन

### विश्व पर्यावरण दिवस 2025






नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पॉवर स्टेशन में 5 जून, 2025 को पर्यावरण विभाग द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 2025 उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर श्री आशुतोष बहुगुणा, परियोजना प्रमुख, एनजेएचपीएस झाकड़ी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान परियोजना प्रमुख ने सभी को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई और इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की थीम "प्लास्टिक प्रदूषण की समाप्ति" पर बल देते हुए सभी से अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक उपयोग को कम करने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिनमें कर्मचारियों के लिए निबंध लेखन, कर्मचारियों के लिए "बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट" मॉडल निर्माण, कर्मचारियों के बच्चों के लिए पोस्टर मेकिंग तथा प्रशिक्षुओं के लिए नारा–लेखन इत्यादि

प्रतियोगिताएं रहीं। इस अवसर पर श्री अजय कुमार, उप–महाप्रबंधक, प्रापण एवं संविदा विभाग द्वारा परियोजना प्रमुख को एक पौधा उपहार स्वरूप भेंट किया गया। इसी के साथ परियोजना प्रमुख श्री आशुतोष बहुगुणा द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया और सभी को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने भविष्य में भी सभी से इस प्रकार की गतिविधियों में अधिक से अधिक भाग लेते रहने की अपील की।




## हिंदी कार्यशाला का आयोजन

नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पॉवर स्टेशन में 26 जून, 2025 को एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन प्रशासनिक भवन के सभागार में किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन) श्री मनीष शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विभागाध्यक्ष (पीएसआईटीएंडसी) श्री ज्ञान चंद, विभागाध्यक्ष (एमएमजी) श्री अमरीश कपूर ने भी कार्यशाला में शिरकत की। उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री मनीष शर्मा ने अपने संबोधन में प्रभावी और स्पष्ट संवाद की महत्ता पर बल दिया। उन्होंने कहा, "कार्यस्थल पर संप्रेषण की गुणवत्ता हमारे काम की दिशा और परिणाम दोनों को प्रभावित करती है। हिन्दी भाषा का प्रभावी प्रयोग न केवल संवाद को सरल बनाता है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान को भी सुदृढ़ करता है।" उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे अपने दैनिक कार्यों में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा दें। हिंदी कार्यशाला में प्रतिभागियों के लिए विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गई। सभी प्रतिभागियों को हिंदी में कार्य करने तथा इसके प्रचार–प्रसार के लिए प्रोत्साहन मिला।





## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस–योग शिविर का आयोजन







21 जून, 2025 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर एसजेवीएन के नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पॉवर स्टेशन में योग शिविर का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का थीम "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" था। इस कार्यक्रम में कर्मचारियों व उनके परिवारों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। शिविर का आगाज परियोजना प्रमुख श्री आशुतोष बहुगुणा के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन करके हुआ। इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्षों के साथ–साथ योग विशेषज्ञ भी उपस्थित रहे। परियोजना प्रमुख श्री आशुतोष बहुगुणा ने अपने उद्‌बोधन में योग के महत्व को रेखांकित करते हुए सभी कर्मचारियों एवं उनके परिवारों से आह्वान किया कि वे योग को पूरी निष्ठा एवं अनुशासन के साथ अपने दैनिक जीवन में शामिल करें। उन्होंने कहा कि जब हम स्वस्थ रहते हैं और अपनी कार्यक्षमता को बढ़ाते हैं, तभी हम परिवार, समाज, निगम और राष्ट्र

के समग्र विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। आर्ट ऑफ लिविंग से प्रमाणित एवं आयुष मंत्रालय के प्रमाणित योग–शिक्षक श्री ललित मोहन भारती द्वारा व्याख्यान और योगाभ्यास के माध्यम से प्रतिभागियों को तनाव के कारणों एवं उनके समाधान के उपाय बताए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना था। यह योग शिविर एक प्रेरणादायक पहल है, जो 'स्वस्थ जीवन' की दिशा में एक सार्थक कदम है।



## विश्व रक्तदाता दिवस 2025

भारत की सबसे बड़ी भूमिगत जल विद्युत परियोजना नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पॉवर स्टेशन में 21 जून, 2025 को विश्व रक्तदाता दिवस 2025 हर्षोल्लास से मनाया गया। ''रक्त दें, आशा दें: साथ मिलकर हम जीवन बचाते हैं'' थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदान को सम्मान देना तथा जीवन बचाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख श्री आशुतोष बहुगुणा ने सर्वप्रथम परियोजना के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई तथा उन्हें नियमित रक्तदान के माध्यम से जीवन बचाने में स्वैच्छिक योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। परियोजना प्रमुख श्री आशुतोष बहुगुणा ने एनजेएचपीएस अधिकारियों, कर्मचारियों, संविदा कर्मचारियों सहित नियमित रक्तदाताओं को उनके समर्पण तथा मानवता के प्रति सेवा के लिए सम्मानित भी किया। इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्ष भी उपस्थित रहे।




# 412 मेगावाट रामपुर जल विद्युत स्टेशन

## विश्व पर्यावरण दिवस

रामपुर एचपीएस ने परियोजना प्रभावित क्षेत्र के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों के साथ विश्व पर्यावरण दिवस 2025 उत्साहपूर्वक मनाया। रामपुर एचपीएस द्वारा यह पहल न केवल छात्रों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाने की दिशा में एक कदम है, बल्कि यह समाज में सतत विकास और हरित भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। 31 मई 2025 से यह कार्यक्रम परियोजना प्रमुख श्री विकास मारवाह, पर्यावरण विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंधु, श्री वीरेंद्र सिंह (मुख्य महाप्रबंधक), डॉ. विवेक आनंद सुरीन (मुख्य चिकित्सा अधिकारी) और सभी विभागाध्यक्ष की अध्यक्षता में शरू हुआ। सर्वप्रथम, पर्यावरण दिवस की थीम 'प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना' पर आरएचपीएस के आस पास के क्षेत्र में स्थित





15 राजकीय विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों, उसके पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव तथा इसके समाधान हेतु जागरूक किया गया। छात्रों के लिए भाषण प्रतियोगता, हिन्दी स्लोगन लेखन प्रतियोगता इत्यादि गतिविधियों का आयोजन भी किया गया जिससे उनमें पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित हो सके।

## रक्तदान अभियान

रामपुर जल विद्युत परियोजना में पूरे उत्साह और समर्पण के साथ विश्व रक्तदाता दिवस 2025 मनाया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख श्री विकास मारवाह ने कहा कि इस प्रकार के मानवीय प्रयास न केवल राष्ट्र निर्माण में सहायक हैं, बल्कि कर्मचारियों के बीच सेवा भावना और सामाजिक चेतना को भी सुदृढ़ करते हैं। इस वर्ष के वैश्विक विषय ''रक्त दें, आशा दें: मिलकर बचाएं जीवन'' के अंतर्गत इस आयोजन में स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व को रेखांकित करते हुए सभी को इसके लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर परियोजना परिसर में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों ने नियमित और स्वैच्छिक रक्तदान करने की प्रतिज्ञा ली। इस आयोजन में सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। इसके अतिरिक्त,



नियमित रक्तदाताओं का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। विगत दस वर्षों के रिकॉर्ड के आधार पर 10 कर्मचारियों को चयनित कर सम्मानित किया गया जिन्होंने निरंतर स्वैच्छिक रक्तदान कर इस पुनीत कार्य में योगदान दिया है।

## योग दिवस

रामपुर हाइड्रो पावर स्टेशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम ''एक धरती, एक स्वास्थ्य के लिए योग'' के अनुरूप, कार्यक्रम का उद्देश्य व्यक्तिगत स्वास्थ्य, सामूहिक कल्याण और पर्यावरणीय संतुलन को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख श्री विकास मारवाह के साथ–साथ आरएचपीएस के अधिकारी, कर्मचारी एवं आवासीय परिसर के निवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। योग प्रशिक्षक ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से जागरूक रहने की प्रेरणा दी।



# नैटवाड़ मोरी व जखोल सांकरी

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस–2025

11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नैटवाड़–मोरी जल विद्युत स्टेशन व जखोल–सांकरी जल विद्युत परियोजना में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा बढ़–चढ़कर योग कार्यशाला में भाग लिया गया। उक्त कार्यशाला में उप–महाप्रबन्धक (तकनीकी) श्री नरेश कुमार उपस्थित रहे। इस योग कार्यशाला में कर्मचारियों द्वारा विभिन्न योगासन व प्राणायाम का अभ्यास किया गया एवं नियमित योगाभ्यास की उपयोगिता पर चर्चा की गई और मानव देह व मन को निशुल्क उपचार, स्वस्थ्य और निरोग बनाने का प्रण लिया गया। इसके साथ ही साथ उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को योग मैट भी वितरित की गई।



# एसजेवीएन थर्मल पावर लिमिटेड, बक्सर, बिहार

## 20 किलोवाट ऑन–ग्रिड रूफटॉप सौर ऊर्जा प्रणाली का उद्घाटन

स्वच्छ और सतत ऊर्जा को अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, एसटीपीएल ने 10 जून 2025 को प्रधानमंत्री–सूर्य घर योजना के अंतर्गत 20 किलोवाट ऑन–ग्रिड रूफटॉप सौर ऊर्जा प्रणाली का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह का नेतृत्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ, एसटीपीएल) श्री विकास शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ, एसटीपीएल) के साथ–साथ मानव संसाधन, कमीशनिंग, सीएफएमडी, इंफ्रास्ट्रक्चर, पी एंड सी और प्रभारी (ई एंड आई) के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति रही। सभी विभागों के कर्मचारी भी इस महत्वपूर्ण अवसर पर एकत्रित हुए। यह पहल पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति एसटीपीएल की प्रतिबद्धता को दर्शाती है और प्रधानमंत्री–सूर्य घर योजना के माध्यम से सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के राष्ट्रीय लक्ष्य के अनुरूप है। रूफटॉप सौर ऊर्जा स्थापना से कंपनी के कार्बन फुटप्रिंट और परिचालन ऊर्जा लागत में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है, साथ ही कॉरपोरेट क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा अपनाने के लिए एक उदाहरण स्थापित होगा। प्रबंधन ने इस परियोजना के सफल क्रियान्वयन में शामिल सभी विभागों के सहयोगात्मक प्रयासों की सराहना की। यह सौर प्रणाली न केवल एसटीपीएल की हरित पहलों में मूल्यवर्धन करती है, बल्कि भारत के नवीकरणीय ऊर्जा में परिवर्तन में हमारी भूमिका को भी सुदृढ़ करती है।





## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एसटीपीएल चौसा, बक्सर के कार्यालय परिसर में एक विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत एसटीपीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री विकास शर्मा की अध्यक्षता में दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई। एसटीपीएल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग प्रशिक्षक श्री अजय कुमार ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम तथा ध्यान की तकनीकों का अभ्यास करवाया गया।





## सुरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन

एसटीपीएल में नौ से दस जुलाई 2025 तक दो दिवसीय सुरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य प्रशिक्षक के रूप में श्री सजल मोहिने, उप महाप्रबंधक (एनटीपीसी) शामिल हुए। उन्होंने बताया कि ताप विद्युत संयंत्रों में उच्च–दाब प्रणालियाँ, उच्च–तापमान संचालन और बड़ी घूर्णनशील मशीनें शामिल होती हैं, जिससे चालू होने और संचालन दोनों चरणों के दौरान सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता बन जाती है। एक सुव्यवस्थित सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली विश्वसनीयता और दक्षता बनाए रखते हुए कर्मियों, उपकरणों और पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित करती है।



# लूहरी जल विद्युत परियोजना चरण–1

## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, निथर के मंच का लोकार्पण

कारगिल में शहीद हुए वीर सपूत डोला राम एवं अन्य शहीदों की स्मृति में तीन जुलाई 2025 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, निथर में शहीदी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लूहरी जल विद्युत परियोजना चरण–1 के परियोजना प्रमुख श्री विवेक शर्मा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। इसी उपलक्ष्य में निगमित पर्यावरण उत्तरदायित्व के अंतर्गत विद्यालय के मंच का लोकार्पण श्री विवेक शर्मा द्वारा किया गया। इस मंच का निर्माण 12.50 लाख रुपये की लागत से किया गया है।





## 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

लूहरी जल विद्युत परियोजना चरण–1 द्वारा 21 जून 2025 को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस वर्ष योग दिवस की थीम हैः ''एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग (Yoga for One Earth, One Health)'', जो व्यक्तिगत एवं वैश्विक स्वास्थ्य के बीच गहरे संबंध को दर्शाता है। कार्यक्रम की शुरुआत एलएचईपी–1 के प्रशासनिक भवन प्रांगण, बायल में परियोजना प्रमुख श्री विवेक शर्मा एवं उनकी पत्नी तथा सभी विभागाध्यक्षों द्वारा दीप प्रज्वलन द्वारा की गई। तत्पश्चात योग प्रशिक्षक श्री रविन्द्र ने सामूहिक योग अभ्यास करवाया। इस अवसर पर एलएचईपी–1 के परियोजना प्रमुख ने परिवार सहित, समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अनुबंध कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक योग के विभिन्न आसनों, प्राणायाम एवं ध्यान सत्र में भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना और योग को दैनिक जीवन में शामिल करने के लिए प्रेरित करना था।



## मल्टी डिसिप्लिनरी कमेटी की बैठक

लूहरी जल विद्युत परियोजना चरण–1 में पर्यावरणीय प्रावधानों के अंतर्गत गठित मल्टी डिसिप्लिनरी कमेटी (MDC) की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष एवं हिमाचल प्रदेश के फॉरेस्ट फोर्स प्रमुख श्री समीर रस्तोगी द्वारा की गई। बैठक में परियोजना प्रमुख श्री विवेक शर्मा, समिति के सदस्यों और एलएचईपी–1 के सभी विभागाध्यक्षों ने भाग लेकर महत्वपूर्ण विचार–विमर्श में योगदान दिया। बैठक के दौरान परियोजना क्षेत्र में पर्यावरणीय दायित्वों की समीक्षा की गई और भविष्य में बेहतर समन्वय के लिए आवश्यक दिशा–निर्देशों पर विचार–विमर्श किया गया।





## विश्व रक्तदान दिवस

लूहरी जल विद्युत परियोजना चरण–1, बायल, द्वारा 16 जून, 2025 को ''विश्व रक्तदाता दिवस'' के उपलक्ष पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परियोजना प्रमुख श्री विवेक शर्मा ने इस अवसर पर परियोजना के अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ दिलाई। साथ ही, उन अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने अब तक अधिकतम रक्तदान किया है। सम्मानित होने वालों में श्री धीरज गुप्ता (उप महाप्रबंधक), श्री राजेंद्र सिंह चौहान (वरिष्ठ प्रबंधक), श्री राजकुमार (उप प्रबंधक), श्री रामेश्वर सैनी (सहायक प्रबंधक), और श्री रूबल गुप्ता शामिल थे।





## विश्व बालश्रम निषेध दिवस

लूहरी जल विद्युत परियोजना, चरण–I द्वारा 12 जून 2025 को विश्व बालश्रम निषेध दिवस पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें परियोजना कर्मियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बालश्रम के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता फैलाना और यह संदेश देना था कि प्रत्येक बच्चा शिक्षा, सुरक्षा और अधिकारों का हकदार है, न कि श्रम का। मुख्य वक्ता श्री जितेन्द्र सिंह, वरिष्ठ सिविल जज–एसीजेएम, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, किन्नौर, रिकांगपिओ ने अपने संबोधन में बताया कि बालश्रम न केवल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, बल्कि यह उनके उज्जवल भविष्य को भी बाधित करता है। बच्चों को बालश्रम और मानव तस्करी से बचाने के लिए सभी नागरिकों को एकजुट होकर प्रयास करने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में कर्मचारियों ने अपने सामाजिक उत्तरदायित्व को समझा और बाल अधिकारों की रक्षा हेतु संकल्पबद्ध हुए।



## विश्व पर्यावरण दिवस

विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अवसर पर लूहरी जल विद्युत परियोजना चरण–1 के प्रशासनिक कार्यालय बायल में महाप्रबंधक (आर.आर) सुश्री अलका जायसवाल, साईट पलेही में उप महाप्रबंधक (सिविल) श्री महेंद्र नेगी गुणवत्ता लैब झाकड़ी मे सहायक प्रबन्धक श्रीमती सीता शर्मा, और सबस्टेशन कोयल में फील्ड अधिकारी श्री प्रवीण कुमार द्वारा सभी आधिकारियों, कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई और प्रत्येक प्रतिभागी को एक पौधा उपहार स्वरूप दिया गया। इस वर्ष की थीम ''प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना'' के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता की रक्षा, और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर विशेष बल दिया गया। पर्यावरण दिवस के अवसर पर परियोजना प्रभावित क्षेत्रों के स्कूलों में पेंटिंग और परियोजना के अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



# SUPERANNUATION



Sh. Manoj Kumar, Executive Director (Electrical) SJVN superannuated on 30th June 2025. He was serving at Transmission Line Janakpur. On this occasion, the SAPDC organized a farewell ceremony. All employees conveyed their best wishes to Sh. Manoj Kumar for good health, happiness and success in his future endeavors.



Sh. Sanjay Kumar Sood CGM/HOD (F&A), CHQ superannuated on 31st July 2025. He was born on 2nd July 1965 in Totu, Shimla. He holds an M.Com from HPU and is a fellow member of the Institute of Chartered Accountants of India, having qualified as a Chartered Accountant in 1990. Before joining SJVN, he served as Senior Auditor with M/s Lambavijand, Shimla and later as



Sh. Santosh Kumar Dash, GM/HoD (F&A) at LHEP Stage-1 superannuated on 31st May 2025. He served SJVN for 29 years with dedication, hard work and experience. On this occasion, HoP, LHEP Stage-1 Sh. Vivek Sharma and all the employees extended their best wishes to Sh. Santosh Kumar Dash.



Sh. Yashbir Singh Rana Manager, CD-5, superannuated on 30th June 2025. A Diploma holder in Civil Engineering, he began his career as a JE with IPH Department, GOHP. He joined SJVN on 13th December 1994 at NJHPS. Over the years, he has served at Dhaulasidh HEP, Chenab Project, posted at CHQ, Shimla since 3rd May 2023 as Manager in CD-5.



Sh. Dalip Kumar Sharma, Sr. Cook superannuated on 31st July 2025. He is a skilled culinary professional with a Diploma in Cookery from the Punjab State Board of Technical Education. He joined SJVN on 9th November 1995 at Corporate Headquarters, Shimla and has since been serving with dedication in the role of Senior Cook.



Sh. Varuvel Selvaraj Sr. Manager, Library, superannuated on 30th June 2025. He holds Graduation degree in Library Science from Madurai Kamaraj University, M.A. from the University of Madras, a Master's in Library Science from IGNOU, and a PGDM in Personnel Management from NIPM. Prior to joining SJVN on 9th September 1993 at CHQ, Shimla, he worked as a Professional Assistant at IIT Madras.




Sh. Raj Kumar, Assistant (HR), superannuated on 31st July 2025. Sh. Raj Kumar served in SJVN for 22 years with dedication, hard work, and valuable experience. On this occasion, Project Head Sh. Vivek Sharma extended his best wishes to Sh. Raj Kumar.



Sh. Dharam Vir, Special Attendent superannuated on 31st July, 2025. He began his service in SJVN on 1st August, 1991. He was felicitated during his retirement ceremony held at NJHPS, Jhakri.

***Editorial Team***

**Chief Patron :** Sh Bhupender Gupta **Patron :** Sh. Ajay Kumar Sharma **Advisor :** Sh C.S. Yadav **Editor-in-chief :** Sh Ashish Pant
**Editorial Associate :** Smt. Sharda Negi, Dr. Dev Kanya Thakur **Associate :** Sh. Ashit Sharma, Smt. Shweta Awasthi, Sh. Ali John Singh Premi, Sh. Ram Singh.
Published and Printed for and on behalf of SJVN Ltd.
**Editorial Office :** Shakti Sadan, SJVN Corporate Head Quarters, Shanan, Shimala - 171006, **Email :** sjvn.adv@gmail.com, corporate.pr@sjvn,nic.in
**The views expressed in this journal are not necessarily of SJVN Management. For Internal Circulation only.**